वार्तालाप – 320, ता. 16.5.07, राउरकेला–1 (उडी.)
**Disc.CD No.320, dt.16.05.07, at Rourkela-1 (Orri.)**

समय – 31.58
**जिज्ञासू :–** बाबा, ज्ञान में अगर कोई युगल चलते हैं दोनों पति–पत्नी और जो पति हो गया वो तो भाई हो गया उसका और शिव बाबा जो हैं उसका युगल हो गया। तो ज्ञान में चलने के बाद भी अगर कोई भक्तिमार्ग की बिन्दी पहनते हैं, गले में माला पहनते हैं, तो उसको क्या कहेंगे? भक्ति की शुटिंग कहेंगे या लगाव कहेंगे?
**बाबा :–** कोई बड़ा परिवार होता है। उस बड़े परिवार में कोई एक माता चल रही है ज्ञान में और बाकी लोग ज्ञान में नहीं चल रहे हैं। तो इतने बड़े परिवार का अगर सीधा ही मुकाबला किया जायेगा तो धराशाई भी हो सकता है।
**जिज्ञासू :–** बाबा, उसका कन्ट्रोलिंग भी अगर उसके पास होगा, परिवार का अगर मुखिया होगा .....

**Time-31.58**
**Someone asked:** Baba, if a couple, i.e. both husband and wife, is following the path of knowledge, and thus the husband is her brother and Shivbaba is her husband/spouse. So, after following the path of knowledge, if someone applies *bindi* of the *bhaktimarg*, if someone wears a necklace, then what will it be called? Will it be called a shooting of *bhakti* or will it be called attachment?
**Baba replied:** Suppose there is a big family. In that big family, if a mother is following the path of knowledge and the remaining people are not following the path of knowledge. Then if someone directly confronts such a big family, then one can even get wounded.
**Someone asked:** Baba, what if its controlling power also lies with that one, if one is the head of the family....

**बाबा :– अच्छा, कन्ट्रोलिंग न हो तो? एक के लिए एक नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम? तो तोड़ निभाने की बात है। अगर कोई बिन्दी लगाये रहे और बिन्दी सिर्फ इस लक्ष्य से लगाये की डिससर्विस न हो जाये। अन्दर से आत्मा को याद करता रहे। अपने को आत्मा देखे दूसरों को आत्मा देखे, परिवार में भक्तिमार्ग के टंट, घंट होते हैं। उन टंट, घंटों में षरीक होता रहे; लेकिन अन्दर से षिव बाबा को याद करता रहे। घर वाले मंदिर में ले जाते हैं। मंदिर में जाये, परिकमा लगाये, माथा टेके, अन्दर से षिव बाबा को याद करता रहे। तो उसको क्या कहा जावेगा?**
**जिज्ञासू :– ये अन्दरूनी बाबा का .............**
**Baba replied:** Alright, what if one does not have the controlling (power)? Will it be one kind of rule for one and another kind of rule for another one? So, it is a matter of maintaining the relationships. If someone continues to apply a *bindi* and if one applies *bindi* only with the intention to avoid disservice and if one continues to be in the awareness of the soul internally, if one realizes oneself to be a soul, if one looks at others as souls, and if the rituals of bhaktimarg happen in the family (i.e. at home), if one continues to participate in those rituals, but internally continues to remember Shivbaba, if the members of one's family take one to the temple, and if one goes to the temple, if one takes a *parikrama* (circumambulation of a Hindu temple), if one bows one's head, and if one continues to remember Shivbaba internally, then what will they be called?
**Someone said:** This is internally Baba's ---------

**बाबा :– ये अन्दरूनी बात हो गई; लेकिन जैसे बोला – कोई परिवार में कोई मुखिया है। लेकिन मुखिया होते हुये भी, जब परिवार के छोटे जन हैं उनकी समझ में बात नहीं बैठ रही है या उनको समझाय नहीं सकता है तो जब तक नहीं समझाय सकता है तब तक के लिए तोड़**

निभायें या न निभायें? तब तक के लिये तोड़ निभायें। हाँ, कोई ऐसे युगल हैं जो परिवार से अलग है और समाज से भी अलग हो चुके हैं। उन्होंने अपने को ब्राह्मण समाज बना लिया तो उनको ये सब टंट, घंट करने की दरकार नहीं है; क्योंकि वो किसी के बंधन में नहीं है। समाज के भी बंधन में नहीं है। परिवार के बंधन से भी अलग हो गये हैं। अपने पैरों पर खड़े हुये हैं। इसलिए बोला – भक्तिमार्ग का कोई भी अंष दिखाई पड़ेगा तो षरीर छोड़ना पड़ेगा।
जिज्ञासू :– पर बाबा को तो षेरनी षक्ति ही प्रत्यक्ष करेगी और ये तोड़ निभाने वाली बात तो उनके ऊपर लागू होगी जो थोड़ा दब कर रहती है।
**Baba said:** This is an internal matter, but just as it has been said – if someone is the head of a family. But in spite of being the head of the family, when the younger members of the family are unable to understand the matter, or if he cannot explain to them, then until he explains should he maintain the relationship or not? He should maintain the relationship till then. Yes, if there is any such couple, who is living separately from the family, and if they have separated from the society as well, if they have made themselves a part of the Brahmin society, then they need not participate in all these rituals because they are not in anyone's bondage. They are not in the bondage of the society as well. They have got separated from the bondage of the family too. They are standing on their own feet. That is why it has been said – If any sign of *bhaktimarg* is visible, one will have to leave the body.
**Someone said:** But, it is power of a lioness [*sherni-shakti]* who will reveal Baba and this matter of maintaining the relationship will be applicable to those (mothers) who live slightly under subordination.

बाबा :– एक होता है सन्यासी बनकर के अलग रहना और एक होता है गृहस्थी बनकर के परिवार के साथ रहना। परिवार के साथ रहकर के एक कहावत बन जाती है – "जल में रहकर के मगर मच्छ से वैर"। कब तक चलेगा? नहीं चलेगा। या तो हंस बगुले इकट्ठे रह न सके, अलग–अलग हो जाना पड़े। तो व्यक्ति देखा जाता है, समाज देखा जाता है, समय देखा जाता है, फिर अपनी पावर भी देखी जाती है। कोई में दूसरों को कनविन्स करने की ज्यादा ताकत होती है और कोई में दूसरों को समझाने की ताकत नहीं होती है उतनी। कोई में वाचा की पावर ज्यादा होती है। कोई में मंसा की पावर ज्यादा होती है। तो उसके अनुसार कदम उठाना पड़ता है। हाँ, जब फाइनल रिजल्ट निकलने लगेंगे उस समय तक सबको अलर्ट होना है कि हम भक्तिमार्ग के प्रभाव में तो नहीं हैं अभी तक? भक्तिमार्ग मुर्दावाद। अन्त में क्या होगा? भक्तिमार्ग मुर्दावाद, ज्ञान मार्ग जिन्दावाद। तो ज्ञानमार्ग में ईष्वरीय पावर से जिन्दाबाद हम हुये या नहीं हुये? ये भी देखना है।
**Baba said:** One is to live separately as a *sanyasi* and one is to live with the family as a householder. While living with the family, there is a proverb – '*jal may rahkar magarmach say vair*' (which literally means 'to develop enmity with the crocodile while living in water' or 'to live in Rome and to strife with the Pope') How long will it continue/work? It will not continue/work. Or else, a swan and a heron cannot live together; they have to part ways/separate. So, a person (in whose company one lives) is taken into account, the society is taken into account, the time (or the circumstance) is taken into account, then one's power is also taken into account. Some have more power to convince others and some do not have the power to explain to others to that extent. Some are good at the power of words/speech. [Some have more verbal power; some have more mental power.] Some are good at the power of mind. So, one has to take steps accordingly. Yes, everyone should become alert by the time the final results begin to come out, that - are we still under the influence of the path of worship? *Bhaktimarg* down, down (*murdabad*). What will happen in the end? '*Bhaktimarg* down, down' and 'victory to *gyaanmaarg*'. So, one should also observe if one has gained victory through the Godly power in the path of knowledge or not?



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info